दिल दीवाना हो गया

दिल दीवाना हो गया , दिल दीवाना हो गया
सांवली सूरत पे मोहन, दिल दीवाना हो गया,

एक तो तेरे होंठ पतले, दूसरा लाली लगी ,
तीसरा तेरा मुस्कुराना, दिल दीवाना हो गया,

एक तो तेरे नैन तिरछे, दूसरा काजल लगा ,
तीसरा नज़रें मिलाना, दिल दीवाना हो गया,

एक तो तेरे हाथ कोमल, दूसरा मेहँदी लगी,
तीसरा मुरली बजाना, दिल दीवाना हो गया ,

एक तो तेरे पाँव नाज़ुक, दूसरा पायल बंधी ,
तीसरा घुंगरू बजाना, दिल दीवाना हो गया ,

एक तो तेरे भोग छप्पन, दूसरा माखन धरा ,
तीसरा खिचडे का खाना, दिल दीवाना हो गया,

एक तो तेरे साथ राधा दूसरा रुक्मण खड़ी ,
तीसरा मीरा का आना, दिल दीवाना हो गया,

एक तो तुम देवता हो, दूसरा प्रियतम मेरे ,
तीसरा सपनों में आना, दिल दीवाना हो गया,

卐 ललित गेरा झज्जर 卐
(SLG Musician)
www.slgmusic.com@gmail.com

https://www.bhajanganga.com/bhajan/lyrics/id/21857/title/dil-deewana-ho-geya

अपने Android मोबाइल पर BhajanGanga App डाउनलोड करें और भजनों का आनंद ले |